मूल्य 1 रु.
वर्षः 14 - अंक : 46, मुंबई, सोमवार, 8 अप्रैल, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर

॥शुभ लाभ॥
MIX MITHAI
मोतीचूर लड्डू
बदाम बर्फी
काजू कतली
मलाई पेड़े
काजू रोल
रसगुल्ले
Order Now 98208 99501
ONLINE SHOP : www.mmmithaiwala.com
MM MITHAIWALA
Malad (W), Tel. : 288 99 501.

DESI VILLAGE™
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

# 'नौटंकी बंद करो'

## संजय राउत पर भड़की कांग्रेस, कहा- बड़े नेता हो, सुधर जाओ

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव का महासंग्राम शुरू हो चुका जारी है। जहां चुनाव में अब कुछ ही दिन बाकी हैं, वहीं विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाडी (एमवीए) में सांगली लोकसभा सीट को लेकर कलह बढ़ती जा रही है। उद्धव ठाकरे की शिवसेना के दिग्गज नेता संजय राउत और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले के बीच तो तू-तू-मैं-मैं तक की नौबत आ गई है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)



### क्यों मची है रार?

महाराष्ट्र की सांगली लोकसभा सीट पर पिछले कई सालों से कांग्रेस पार्टी चुनाव लड़ रही है। हालांकि, इस साल के लोकसभा चुनाव में उद्धव गुट ने सांगली सीट पर न केवल दावा किया, बल्कि फैसला होने से पहले ही चंद्रहार पाटिल को उम्मीदवार घोषित कर दिया। इस पर महाराष्ट्र कांग्रेस के बड़े नेताओं ने नाराजगी भी जताई, लेकिन उद्धव खेमे ने अपना उम्मीदवार वापस लेने से मना कर दिया। जबकि सांगली पर हक पाने के लिए कांग्रेस के जिला और राज्य स्तर के नेता खूब दम भर रहे है।

### हम सांगली जीतेंगे- राउत

सांगली सीट को लेकर कांग्रेस और उद्धव ठाकरे की शिवसेना के नेताओं के बीच आर-पार की स्थिती बनती दिख रही है। बीते हफ्ते मुंबई में पत्रकारों से बात करते हुए संजय राउत ने कहा था कि महाराष्ट्र की सभी 48 सीटें एमवीए की हैं, शिवसेना (यूबीटी) या कांग्रेस की नहीं।

### रमजान मुबारक हिजरी 1445 साल 2024

**मुंबई और आसपास के इलाकों में टाईम**

रोजा अठावीसवां (28) 08 अप्रैल 2024 सोमवार

खत्मे शहेरी : 5:02 A.M
**रोजे की निय्यतः** नवैतु अन असौमा गदन लिल्लाहि तआला मिन फर्जी रमजान।

वक्ते इफ्तार : 6:56 P.M
**इफ्तार की दुआः** अल्लाहुम्मा इन्नी लका सुमतो वबैका आमनतो व इलयका तवकल्लतो व आला रिजकेका अफ्तरतो फतकब्बल मिन्नी।

रमजान का (21 से 30 रोजा) तीसरा असरा जहन्नम से नजात पाने का होता है।

## 100 करोड़ के फ्रॉड मामले में
# ईडी का एक्शन

### दुबई भागे कारोबारी की 61.91 करोड़ की संपत्ति कुर्क




**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने निवेश फ्रॉड मामले में पुणे स्थित वीआईपीएस ग्रुप ऑफ कंपनीज के मालिक के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया है। मल्टी लेवल मार्केटिंग स्कीम के जरिए निवेशकों से धोखाधड़ी करने के आरोप में विनोद खुटे के खिलाफ यह कार्रवाई हुई है। ईडी ने वीआईपीएस ग्रुप की 24 करोड़ 41 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क की है। आरोपी विनोद दुबई फरार हो गया है। विनोद तुकाराम खुटे, संतोष तुकाराम खुटे, मंगेश खुटे, किरण पीतांबर अनारसे, अजिंक्य बडधे और अन्य पर निवेशकों से धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया गया है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

### निवेश के नाम पर लगाया चूना!

इस स्कीम में निवेशक को हर महीने दो से तीन प्रतिशत ब्याज देकर पूरे निवेश पर बढ़िया रिटर्न देने का झांसा दिया गया था। इसके लिए विनोद खुटे ने फॉरेक्स ट्रेडिंग के नाम से एक कंपनी बनाई। जूम और ऑनलाइन मीटिंग के जरिए निवेशकों को बेहतर रिटर्न का लालच दिया। जांच से पता चला कि इस स्कीम में निवेशकों ने कई करोड़ रुपये का निवेश किया। निवेश में मिली रकम को कई फर्जी फार्मों में लगाया गया। यह पैसा हवाला के जरिए विदेश भेजा गया। हवाला चैनलों और शेल कंपनियों के जरिए देश से बाहर पैसे भेजे गए। इसके चलते ईडी ने पुणे के कारोबारी विनोद खुटे और उनके परिवार के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज कर लगाम कसी है। ईडी ने पुणे के भारती विद्यापीठ पुलिस स्टेशन में भी शिकायत दर्ज कराई है।

# शरद पवार को झटका!

### कल तक सुप्रिया सुले का किया प्रचार, आज अजित खेमे में शामिल हुआ बड़ा नेता



**मुंबई।** महाराष्ट्र की बारामती लोकसभा सीट पर इस बार दिलचस्प मुकाबला होगा। बारामती के सियासी अखाड़े में शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले और बहू सुनेत्रा पवार (अजित पवार की पत्नी) के बीच सीधी टक्कर होगी। पुणे की छह विधानसभा क्षेत्रों में से बारामती और इंदापुर पर अजित पवार गुट का कब्जा है, दौंड और खंडकवासला पर बीजेपी का और भोर व पुरंदर पर कांग्रेस का कब्जा है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# बीजेपी में दिग्गज नेता की होगी घर वापसी

### उत्तर महाराष्ट्र में बदलेगा चुनावी समीकरण, टेंशन में विपक्ष



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी के लिए महाराष्ट्र से अच्छी खबर है। वरिष्ठ नेता एकनाथ खडसे पार्टी में वापसी करेंगे। इससे उत्तर महाराष्ट्र की कई सीटों पर बीजेपी का दमखम बढ़ेगा। खडसे अभी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के एमएलसी है। बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व से चर्चा के बाद एकनाथ खडसे ने अपनी पुरानी भगवा पार्टी में घर वापसी का ऐलान कर दिया है। 40 साल से अधिक समय तक बीजेपी के वरिष्ठ नेता रहे खडसे ने 2020 में कमल छोड़कर एनसीपी में शामिल हो गए।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### 2024 के भारत आईने का सत्य!

**वक्त** का आईना है राजनीति। नरेंद्र मोदी, राहुल गांधी, योगी आदित्यनाथ, एकनाथ शिंदे, अरविंद केजरीवाल और तमाम तरह के दलबदलू नेताओं से लेकर ममता, स्मृति, कंगना, अडानी, अंबानी मौजूदा समय के वे भारतीय ब्रांड मैनेजर, ब्रांड एंबेसडर हैं, जो 140 करोड़ लोगों के डीएनए, मिजाज, संस्कृति की प्रतिनिधि पैदाइश हैं। ये चेहरे अपने आपमें भारत के समय और राष्ट्र-राज्य के दीन-ईमान के प्रतिनिधि हैं। देश का खुलासा हैं। मतलब हम भारतीयों, खासकर हिंदुओं के आचार-विचार, बुद्धि-ज्ञान, ईमानदारी, सत्यता, नैतिकता और आस्था व मूल्यवत्ता के सत्व-तत्व के ये पयार्यी, ब्रांड चेहरे हैं! यह वैसा ही मामला है जैसे हम दूर के अमेरिका को डोनाल्ड ट्रंप या बाइडेन के चेहरों से जज करते हैं। मगर बाकी सभ्यताओं और हम हिंदुओं में कुछ फर्क इसलिए है क्योंकि हम पुराणों में जीते हैं। हमारा मनोविश्व पुराणों, रामायण, महाभारत की कथा-कहानियों की घुट्टी का है। हम ख्यालों और इलहाम में जीते हैं। तभी शेष दुनिया की राजनीति से भारत की राजनीति में डीएनएजन्य फर्क है। फिर हम सदियों गुलाम रहे हैं और गुलामी की वृत्ति, प्रवृत्ति राजनीति और शासन का बीज मंत्र है। हम हिंदुओं को कृपा चाहिए। हमें रक्षक चाहिए। भिक्षा चाहिए। हम अवतार के आकांक्षी हैं। और अवतार की कृपा से पॉवर चाहिए। हम नियति के भी बंधुआ है। रामजी जैसे रखेंगे वैसे रह लेंगे। यों कहने को रामजी हमारे आदर्श हैं लेकिन चाहते रावण हैं। हिपोक्रेट हैं। बात रामराज्य की करेंगे लेकिन असत्य, अमयार्दा और बुलडोजरी राज की वाह करेंगे। आखिर गुलामी से खिली हुई भय-भूख-भक्ति की प्रवृत्ति-नियति में कौम का लाचार जो होना है। इसलिए कई मायनों में भारत की राजनीति दुनिया के लिए पहेली है। पहेली यह कि लोगों को लोकतंत्र पसंद है, रामराज्य पसंद है मगर नेता कथित मनमाना-अहंकारी चाहिए। नारा सत्यमेव जयते का है और नेता वह लोकप्रिय जो चौबीसों घंटे झूठ बोले। लोकतंत्र में लोगों की भागीदारी, वोट डालना बहुत अधिक है जबकि राजनीतिक समझ में बहुत कच्चे। पार्टी और विचारधारा की बात होती है और वोट जात-पात के नाम पर पड़ते हैं। नेताओं और पार्टियों की दुकानदारी का आधार ही जात और धर्म है। वैसे मेरा मानना है राजनीति असलियत में मनुष्यों की बनाई एक भस्मासुरी व्यवस्था है। होमो सेपियन के पाषाण युग में जंगली, कबीलाई जीवन में बलशाली-आत्मविश्वासी शिकारी के लिए कबिलाईयों में जो क्रेज हुआ था उसी से जनित लीडरशीप और राजनीति की आदिम बुद्धि का यह एक ऐसा अपरिवर्तनीय आइडिया है, जिस पर इवोल्यूशनरी मनोवैज्ञानिक भी यह सोच हैरान हैं कि मनुष्य बुद्धि ने इसे क्यों नहीं बदला, सुधारा। मानव बुद्धि और उसकी समाज रचना में सब बदला लेकिन पाषाण युग के दिमागी ख्याल के अतिविश्वासी बलवान शिकारी के आइडिया में वह जस का तस रूढ़ीबद्ध।

# इस्लामिया जामे मस्जिद भौआड़ा में आज तरावीह किया पढ़ा ,पारा नंबर सत्ताईस

**मुंबई हलचल/ मो सालिम आजाद मधुबनी।** पिछली कौमों के अंजाम से और जमीन व आसमान की निशानियों से नसीहत हासिल करो। नबी जब खबरदार करे तो होश में आ जाओ और अल्लाह की तरफ दौड़ो। अल्लाह के साथ किसी और को बंदगी में शरीक न करो। लोगों की याददिहानी कराते रहो, याददिहानी से ईमान वाले फायदा उठाते हैं। तुम्हारे वुजूद का मकसद अल्लाह की कामिल बंदगी है इसलिए अल्लाह की बंदगी में कोताही न करो52.अत-तूर



अल्लाह की नाराजगी से बचो। ईमान पर कायम रहो और अच्छे काम करो। अपने बच्चों की तरबियत इस तरह करो कि वे ईमान पर कायम रहें और अच्छे काम करेंअल्लाह जन्नत में तुम सबको जमा कर देगा और तुम्हारे आमाल का पूरा- पूरा बदला देगा । अपने बाल-बच्चों में रहते हुए आखिरत से गाफि ल न रहो, बुरे अंजाम से डरोजो सरकश और जालिम हैं वे तुम्हें झुठलाएँगे और तुम्हारे खिलाफ चालें चलेंगे, तुम अपने काम में लगे रहो, उनकी हरकतों पर सब्र करो और अपने रब के फैसले का इंतजार करो, तुम बराबर अल्लाह की निगाह में हो । अल्लाह से लौ लगाओ और रातों में उठकर अल्लाह की हम्द व तसबीह (महिमागान) करो53. अन-नज्म गुमान के पीछे न भागो, यक ीन की रौशनी में ज़िन्दगी गुजारो । कयामत तुम्हारे सर पर है, गफलत व मदहोशी से बाहर आ जाओ, अल्लाह के सामने सजदे करो और खालिस उसकी बंदगी करोअल्लाह का कानून दो-टूक है। जो लोग बुराई करेंगे अल्लाह उन्हें बुराई का बदला देगा और जो लोग अच्छे से अच्छे काम करेंगे अल्लाह उन्हें बेहतरीन कामों का बदला देगा। अल्लाह का यह कानून याद रखो और गुनाहों व बेहयाई के कामों से दूर रहो। कभी किसी बुराई में पाँव पड़ जाए तो अल्लाह से तौबा करो।

अपनी नेकी और पाकदामनी के दावे न करो, अपने कामकाज पर नजर रखो। अल्लाह जानता है किस-किस ने उसकी नाराजगी से बचते हुए ज़िन्दगी गुजारी है। याद रखो कोई किसी के गुनाहों का बोझ नहीं उठाएगा। हर शख़्स के लिए वही कुछ होगा जो उसने किया होगा। उस दिन सबकी कारगुजारी सामने आ जाएगी और फिर हर किसी को उसकी कारगुजारी के मुताबिक बदला मिलेगा54. अल-कमर

अल्लाह ने कुरआन को बहुत आसान बनाया है, इसे पढ़ो और इससे सबक हासिल करो। इसमें माजी (गुजरे जमाने) के तजकिरे हैं, उनसे सबक हासिल करो और देखो अल्लाह का डरावा कैसा होता है और उसका अजाब कैसे आता है। जिन कौमों ने अल्लाह की आयतों को झुठलाया और जुर्म की राह पर चले, अल्लाह ने उन्हें सख़्ती से पकड़ा। आखिरत की सजा व आखिरत की पकड़ और भी ज्यादा सख़्त होगी। याद रखो, सजा का कानून सारे मुजरिमों के लिए एक ही है, किसी कौम को कुफ़्र और बुराई के रास्ते पर चलने की खुसूसी रिआयत नहीं मिली है। हर किसी की हर हरकत रिकॉर्ड में महफूज हो रही है। जो लोग अल्लाह की नाराजगी से बचते हुए ज़िन्दगी गुजारेंगे वे जन्नत और जन्नत की नहरों में रहेंगे ।

55. अर-रहमान. अल्लाह रहमान है, उसकी रहमत से खुद को महरूम न करो। उसने कुरआन सिखाया है, तुम कुरआन सीखो। उसने बोलने की ताकत दी है, तुम हक की गवाही दो। कायनात की हर मखलूक (सृष्टि) उसके सामने सजदा कर रही है, तुम भी उसी को सजदा करो । उसने तराजू बनाया है, तुम तराजू (नाप-तौल) की खिलाफवजी न करो। इंसाफ के साथ ठीक ठीक तौलो और वजन में कमी न करो। अल्लाह की कायनात में करिश्मे ही करिश्मे हैं, इन करिश्मों के होते हुए उसके रसूल को न झुठलाओ। उन करिश्मों को देख कर अपना ईमान ताजा करो।

जिन्होंने जुर्म का रास्ता अपनाया है वे मुँह के बल जहन्नम में फेंक दिये जाएंगे, अल्लाह की पकड़ से कोई नहीं भाग सकेगा। जो लोग अपने रब के सामने हाज़िरी से डरते रहे उन के लिए बेहतरीन जन्नतें होंगी। अच्छे काम करने वालों का अच्छा अंजाम होगा, इंसाफ की तराजू का यही तकाजा है। अपने रब के गुण गाओ, वह बड़ी अजमतों वाला और बहुत नवाजने वाला है ।

56. अल-वाकि आअल्लाह के यहाँ इन्सानों के तीन गिरोह होंगे। दाएँ जानिब वाले लोग (असहाबुल यमीन), बाएँ जानिब वाले लोग (असहाबुश्शिमाल) और सबसे आगे बढ़ जाने वाले लोग (साबिक ीन)। फैसला करो कि तुम्हें किस गिरोह में रहना है। अगर साबिक ीन के गिरोह में रहना है तो उसके लिए तुम्हें आगे बढ़ना होगा क्योंकि आगे बढ़ने वाले ही आगे रहने के हकदार होंगे और वही लोग अल्लाह के करीबी होंगे। बाएँ जानिब वाले लोग (असहाबुश्शिमाल) खुशहाली में रह कर गुनाह पर गुनाह करते रहे। आखिरत को झुठलाते रहे और गुमराही में गिरते रहे । अल्लाह की निशानियों से सबक लिया न अल्लाह की नेमतों पर शुक्रगुजार हुए। अल्लाह की किताब को झुठलाते हुए यह भी नहीं सोचा कि उन्हें रोजी देने वाला सिर्फ.अल्लाह है । सुन लो, हर गिरोह के अंजाम का ऐलान अभी से हो चुका है। साबिक ीन के लिए राहत व सुरूर और आराम व आसाइश के बाग हैं, दाएँ जानिब वाले लोगों (असहाबुल यमीन) के लिए सलामियाँ और मुबारकबादियाँ हैं। बाएं जानिब वाले लोगों (असहाबुश्शिमाल) के लिए खौलता हुआ गरम पानी और फिर दहकती हुई दोजख है 57. अल-हदीद इस कायनात का खालिक (बनाने वाला), मालिक और हाकिम अल्लाह है। हर चीज उसकी हम्द व तसबीह (महिमागान) कर रही है। तुम भी अल्लाह और उसके रसूल पर ईमान लाओ और जो कुछ उसने दिया है उसमें से अल्लाह की राह में खर्च करो। अल्लाह को खुशदिली से कर्ज.दोगे तो उसे तुम्हारे लिए बहुत बढ़ाएगा और बड़े ईनाम से नवाजेगा।

जब मोमिन मर्द और मोमिन औरतें नूर के हाले में इज्जत व इकराम के साथ जन्नत में दाखिल हो रहे होंगे, उस वक़्त मुनाफि कों को पीछे रोक दिया जाएगा और कहा जाएगा कि तुम ने अपनी शामत खुद बुलाई। ज़िन्दगी भर पसोपेश में रहे, रह-रह कर भ्रांतियाँ पैदा करते रहे, झूठी आरजूओं में जीते रहे और फरेबी शैतान के धोखे में गिरफ़्तार रहे। अब तुम ईमान वालों के साथ रहने के लायक नहीं रहे अपने दिलों का जायजा लेते रहो, कोशिश करो कि तुम्हारे दिल अल्लाह की नसीहत और अल्लाह की किताब के सामने झुके रहें। उन लोगों की तरह न हो जाओ जो अल्लाह की किताब मिलने के बाद भी अल्लाह की नाफरमानी करते रहे और उनके दिल सख़्त होते चले गए दुनिया से क्या जी (मन) लगाना! इस दुनिया की हक ीकत मिसाल से समझना हो तो लहलहाती हुई फसलों को जर्द होने (पकने) के बाद रेजा-रेजा होते हुए देखो ।

दिल में यह तमन्ना रखो कि अल्लाह मगफि रत फरमा दे और वह जन्नत दे दे जिसकी कुशादगी (लंबाई-चौड़ाई) आसमान व जमीन के बराबर होगी और फिर दौड़ लगाओ उसे हासिल करने के लिए और जी-जान से ईमान के तकाजे पूरे करते रहो। दुनिया के ऐश व राहत को अपनी ज़िन्दगी का मकसद न बनाओ। जो तुम्हारे हाथ से जाती रहे उस पर गम न करो और जो नेमत तुम्हें मिल जाए उस पर आपे से बाहर न हो जाओ, अल्लाह अकड़ने और इतराने वालों को पसंद नहीं करता है। अल्लाह के रास्ते में कंजूसी न करो और न कंजूसी का माहौल बनाओ। याद रखो जो अल्लाह के हुक़्म से सरताबी (खिलाफवजी) करेगा, वह खुद अपनी कि स्मत को रोएगा ।

अल्लाह ने रसूल भेजे और उनके साथ किताब भी भेजी। तराजू भी उतारा और लोहा भी उतारा ताकि तुम अद्ल व इंसाफ पर कायम रहो और अल्लाह को न देखते हुए भी अल्लाह और उसके रसूलों की मदद करो। रसूलों के आने के बाद हिदायत का रास्ता अपनाओ और बुराइयों से दूर रहो। रसूलों के रास्ते पर चलो और अपने अंदर शफकत व मुहब्बत पैदा करो। अल्लाह की खुशी के चाहने वाले बनो और उसके तकाजे पूरे करोअल्लाह की इताअत करके उसकी नाराजगी से बचो और उसके रसूल पर ईमान लाओ । अल्लाह तुम्हारी मगफि रत करेगा, तुम्हें दोगुना रहमत से नवाजेगा और तुम्हें रौशनी देगा जिससे तुम्हारी राहें रौशन हो जाएंगी। अल्लाह बड़े फज्ल वाला है उसके फज्ल के आरजूमंद रहो।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# जोगेश्वरी वेस्ट तैबा मस्जिद की 27 वें रोजे की शानदार दुआ

## दुआ में हजारों की तादाद में लोग हुए शामिल, मस्जिद के इमाम साहब ने पढ़ाई दुआ

**मुंबई हलचल/संवाददाता**
**मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर**



**मुंबई।** मुंबई के जोगेश्वरी वेस्ट वैशाली नगर की तैबा मस्जिद में रमजान के महिने में रोजाना 650 लोगों के लिए रोजा इफ्तारी की तैयारियां की जाती है आसपास के लोग और खास कर के बच्चे पुरा महिना अपनी महेनत से रोजा इफ्तारी के लिए तैयारियां करते हैं 80 थाल लगाए जाते हैं। कोई फ्रूट काटकर खिदमत करता है तो कोई थाल लगाकर और खास तौर पर बच्चें सरबत बनवाने में मदद करते हैं। सरबत बनवाने के बाद इफ्तारी के वक्त लोगों को सरबत भी पीलाते हैं। इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार, रमजान का महीना वर्ष का नौवां महीना होता है और इस महीने में दुनिया भर के मुस्लिम समुदाय के लोग सूरज निकलने से पहले से लेकर सूर्यास्त होने तक ना कुछ खाते हैं और ना कुछ पीते हैं। वर्ष 2024 में रमजान का पवित्र महीना 12 मार्च से शुरू हुआ था। आज यानी 7 अप्रैल को रमजान महीने का सतावीसवां रोजा है यानी आज 12 मार्च की शाम को रमजान का चांद नजर आ गया था, जिसके बाद मंगलवार को पहला रोजा और बुधवार को दूसरा रोजा रखा गया था। इस्लाम में रमजान महीने को सब से पाक माना गया है। ईद का चांद नजर आने के साथ ही रमजान का महीना खत्म हो जाता है। रमजान के रोजे के दिन 29 या 30 होते है।

**27 वें रोजे में होती खास दुआ का बंदोबस्त**

तैबा मस्जिद की बरसों से रमजान के 27 वें रोजे के दिन मस्जिद में नमाज अदा करने वाले भाईयों के यह बताया जाता है की 27 रोजे के दिन सब लोग अपने अपने घरों से इफ्तारी का सामान लेकर आएं और सब लोग रोजा इफ्तारी करें खास तौर इस दिन मस्जिद के इमाम साहब मौलाना -इफ्तार के वक्त दुआ फरमाते हैं जीसे स्पीकर माईक के जरिए इस पास के पुरे मोहल्ले वाले अपने अपने घरों में इस दुआ में शामिल होते हैं। रमजान के महीने में चांद दिखने की अहम भूमिका होती है और जिस दिन रात में चांद दिखता है, उसके अगले दिन से रमजान का रोजा रखा जाता है। देश के कई हिस्सों में सोमवार की शाम रमजान का चांद नजर आ गया था, जिसके बाद मंगलवार को पहला रोजा (व्रत) रखा गया। रमजान इस्लामी कलेंडर का नौवां महीना होता है और पूरे माह दुनियाभर के मुस्लिम समुदाय के लोग सूरज निकलने से पहले से लेकर सूर्यास्त होने तक कुछ खाते-पीते नहीं हैं। ईद का चांद नजर आने के साथ ही रमजान का महीना खत्म हो जाता है। रमजान के महीने में रोजा रखने के पीछे तर्क दिया जाता है कि इस दौरान व्यक्ति अपनी बुरी आदतों से दूर रहने के साथ ही खुद पर संयम रखने की कोशिश करता है। रमजान के महीने में मुसलमान रोजा (व्रत) रखते हैं, और सूरज निकलने से लेकर सूरज डूबने तक कुछ खाते-पीते नहीं हैं।



★ मुझे पेड़ दो सेवा समिति एवं सामाजिक संस्था पर्यावरण संरक्षण के तत्वावधान में पौधारोपण कार्य किया गया गणेश दुबे ने बताया कि हमारे जीवन में वृक्ष का इतना महत्व है कि वृक्ष के बिना हम अपने जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं जीवन शक्ति प्रदान करने वाली ऑक्सीजन हमें वृक्षों से ही प्राप्त होती है यदि ऑक्सीजन ना हो तो सभी जीव घुट घुट कर मर जाएगा प्रकृति पर नियंत्रण और जीवन शक्ति को बनाए रखने के लिए वृक्ष का लगाना आवश्यक हो गया है प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत जरूरी है पेड़-पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है पेड़-पौधे हमें छाया प्रदान करते हैं फल- फूलों की प्राप्ति भी हमें पेड़-पौधों से ही होती है हम अपने टीम के साथ मुझे पेड़ दो के तत्वावधान में अब तक 228 वृक्ष लगा चुके हैं और कार्यक्रम में मुख्य रूप से शोभा कुमारी, हार्दिक राजपूत, विकास मौर्य, रत्नाकर मिश्रा,रिषभ गौतम, रंजीत मौर्य, शुभम मौर्य आदि मौजूद रहे।

# सांताक्रूज में शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग लड़की से बलात्कार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**



**मुंबई।** नेहाल हसन मुंबई सांताक्रूज पुलिस चौकी ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर शादी का झांसा दे कर बलात्कार करनेवाले आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपी की पहचान कुलदीप उर्फ राहुल किसान मगर (28) है और वह एलआईसी कार्यालय में कार्यरत है। 2019 में 17 वर्षीय पीड़िता की मुलाकात फेसबुक के जरिए कुलदीप उर्फ राहुल से हुई. जान-पहचान को दोस्ती और दोस्ती को प्यार में बदलते देर नहीं लगी. दोनों के बीच मुलाकातें बढ़ गईं. कुलदीप बार-बार युवती से बाहर मिलने की जिद कर रहा था। मिलने का बहाना बनाकर कुलदीप ने युवती को अपने घर बुलाया जहां वह लॉकडाउन के कारण अकेला रहता था। वहां उसने उससे शारीरिक संबंध बनाने की मांग की। हालाँकि, उसने मना कर दिया। इसलिए आरोपी नें शादी का झांसा और प्यार कें झूठे वादे करकें उसके साथ बलात्कार किया। आरोपी बार-बार लड़की का यौन शोषण कर रहा था। शारीरिक संबंध से इनकार करने पर वह सीधे लडकी सें शादी न करने की धमकी दे रहा था। इसलिए वह अक्सर आरोपी के साथ बाहर जाती थी. लेकिन, शादी के बारे में पूछने पर वह टाल देता था। कुछ दिन पहले लड़की ने उससे शादी के लिए अपने माता-पिता से बात करने कें लिए कहा। लेकिन, कुलदीप ने शादी से साफ इनकार कर दिया। जब पीड़ित लड़की और उसके परिवार ने जस्टीशिया इंटरनेशनल सोशल असोसिएशन (एन.जी.ओ.) से संपर्क किया, तो एन.जी.ओ. के सीईओ अ‍ॅड.सागर कांबले जी नें उनकी कानूनी सहायता की। जस्टीशिया (एन.जी.ओ.) की सहायता के कारन, लड़की ने बिना किसी डर के पुलिस को घटना की सूचना दी। सांताक्रूज पुलिस ने पॉक्सो कानून के अंतर्गत मामला दर्ज कर कुलदीप मगर को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्रवाई जारी है एनजीओ के संस्थापक फैज भाई लड़कीयों सुचित करना चाहते है फेसबुक और ट्विटर अकाउंट पर कीसी अजनबी से बात ना करे जिसका फायदा उठा कर वह कब आपको धोका दे कर चाला जाएगा आप सोच भी नहीं सकते है इस लिए आप सतर्क रहें यही कहां है फैज भाई का सभी से।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

**100 करोड़ के फ्रॉड मामले में ईडी का एक्शन**

ईडी ने जून में मुंबई, पुणे और अहमदाबाद में वीआईपीएस समूह के कार्यालयों पर छापा मारा था। अब समूह की संपत्ति जब्त कर ली गई है। इसमें 58 बैंकों में रखा 21.27 करोड़ रुपये और 3.14 करोड़ रुपये का बैंक डिपॉजिट शामिल हैं। विनोद खुटे और अन्य आरोपियों ने निवेशकों से 100 करोड़ से ज्यादा की धोखाधड़ी की है। आरोप है कि निवेशकों को धोखा देकर उनसे पैसा लिया गया और हवाला के जरिए विदेश भेजा गया। इससे पहले ईडी दुबई में उनकी 37 करोड़ 50 लाख रुपये की संपत्ति जब्त कर चुकी है। इस मामले में अब तक कुल 61.91 करोड़ रुपये की कुर्की की गई है।

**'नौटंकी बंद करो'**

महाराष्ट्र में कांग्रेस के प्रमुख नाना पटोले ने शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत की आलोचना करते हुए कहा कि वह बड़े नेता है, उन्हें नौटंकी बंद कर मर्यादा का पालन करना चाहिए। राउत को छोटे कार्यकर्ताओं की तरह बयानबाजी नहीं करनी चाहिए। उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने शनिवार को हुई एक चुनावी सभा में कांग्रेस पर निशाना साधा था। अपने संबोधन में राज्यसभा सांसद राउत ने कहा था कि अगर उन्होंने सांगली में हमारी दुविधा बढ़ाने की कोशिश की तो हम पूरे राज्य में उनकी परेशानी बढ़ा देंगे। दरअसल राउत ने बीजेपी उम्मीदवार संजयकाका पाटिल और कांग्रेस नेता विशाल पाटिल पर निशाना साधते हुए यह टिप्पणी की थी।

**बीजेपी में दिग्गज नेता की होगी घर वापसी**

वह पिछले साल विधान परिषद के सदस्य (एमएलसी) के रूप में चुने गए। हालांकि बीजेपी ने एक बार फिर पूर्व बीजेपी नेता खडसे की सांसद बहू रक्षा खडसे को रावेर से उम्मीदवार बनाया है। दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से बातचीत के बाद एकनाथ खडसे आज अपने संसदीय क्षेत्र लौट आए हैं। इस मौके पर बोलते हुए खडसे ने कहा कि वह बिना किसी शर्त पर 15 दिनों में बीजेपी में शामिल होंगे।

**शरद पवार को झटका!**

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बारामती निर्वाचन क्षेत्र में राजनीतिक समीकरण बदल रहे हैं। कल-परसों तक शरद पवार की सांसद बेटी सुप्रिया सुले के लिए प्रचार करने वाले प्रवीण माने ने पाला बदल लिया है। आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उन्होंने साफ कहा है कि वह डिप्टी सीएम अजित पवार का समर्थन करेंगे। दशरथ माने और उनके बेटे प्रवीण माने की इंदापुर तालुका में अच्छी पकड़ है।

## बोईसर यार्ड में ब्लॉक के कारण पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेन रहेंगी प्रभावित

**अहमदाबाद।** बोइसर यार्ड में सेक्शनल स्पीड को 160 किमी प्रति घंटे तक बढ़ाने के कार्य को पूरा करने के लिए 07 अप्रैल को बोईसर यार्ड में अप एवं डाउन दोनों मेन लाइनों पर 10.00 बजे से 10.50 बजे तक ब्लॉक लिया जाएगा। ब्लॉक के कारण पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनों को रेगुलेट, आंशिक रूप से निरस्त किया जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमित ठाकुर के अनुसार पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें प्रभावित होंगी।

**रेगुलेट होने वाली ट्रेनें:**

1. ट्रेन संख्या 12934 अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल कर्णावती एक्सप्रेस 30 मिनट रेगुलेट होगी।
2. ट्रेन संख्या 93012 दहानू रोड-विरार लोकल 25 मिनट रेगुलेट होगी।

**आंशिक रूप से निरस्त होने वाली ट्रेनें:-**


1. चर्चगेट से 07.42 बजे प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 93009 चर्चगेट-दहानू रोड लोकल पालघर और दहानू रोड के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।
2. दहानू रोड से 09.37 बजे प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 93010 दहानू रोड-चर्चगेट लोकल दहानू रोड और पालघर के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

दैनिक मुंबई हलचल अब हर सच होगा उजागर


## खबर संक्षेप

### बरौनी-ग्वालियर ट्रेन में बम की सूचना से हड़कंप

**बाराबंकी।** बरौनी -ग्वालियर एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 11124) में बम की सूचना से हड़कंप मच गया। बाराबंकी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को रोककर भारी पुलिस बल, फायर ब्रिगेड और बम डिस्पोजल दस्ते ने तलाशी की। ट्रेन को करीब 50 मिनट रोका गया। बोगियों में बम की सघन तलाशी की गई। सूचना गलत पाई गई। तलाशी में ऐसी कोई सामग्री नहीं निकली। रविवार सुबह 9:32 पर सूचना मिली थी।



### हरदोई में फायरिंग, चले ईंट-पत्थर, दहशत फैली

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश के हरदोई जनपद में कोतवाली शहर इलाके में कुछ युवकों ने एक मोहल्ले में जमकर फायरिंग और पथराव किया, साथ ही जमकर उत्पात मचाया। अब इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। दबंगई और फायरिंग का वीडियो झबरा पुरवा मोहल्ले का बताया जा रहा है। युवक ईंट पत्थर चलाते हुए और फायरिंग करते नजर आ रहे हैं। यह जानकारी पुलिस ने दी।



### बस पलटने से चार लोगों की मौत

**चित्रदुर्ग।** कर्नाटक में बेंगलुरु से गोकर्ण जा रही एक निजी बस के होलालकेरे शहर के पास रविवार तड़के पलट जाने से चार लोगों की मौत हो गई। यह घटना होलालकेरे शहर के बाहरी इलाके में अंजनेय मंदिर के पास हुई। हादसे में करीब 30 लोग जख्मी हुए हैं जिनमें से आठ की हालत नाजुक है। घायलों को होलालकेरे ताल्लुक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



## पूर्वी मिदनापुर में एनआईए टीम पर हमले को लेकर आरोप-प्रत्यारोप

घर में घुसकर मारपीट का आरोप

# बंगाल पुलिस ने एजेंसी अफसरों के खिलाफ ही दर्ज किया मामला

### टीएमसी नेता मोनोब्रता जाना की पत्नी की शिकायत पर की गई कार्रवाई

मुंबई हलचल / कोलकाता

पश्चिम बंगाल में पूर्वी मिदनापुर में एनआईए टीम पर हमले को लेकर राज्य में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का माहौल शुरू हो गया है।गिरफ्तार टीएमसी नेता मोनोब्रता जाना की पत्नी की शिकायत पर एनआईए टीम और सीआरपीएफ अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। टीएमसी नेता की पत्नी ने आरोप लगाया कि एनआईए अधिकारियों ने उनके घर में घुसकर मारपीट की। अधिकारियों ने उनके सम्मान को ठेस पहुंचाई है। भूपतिनगर थाने में आईपीसी की धारा 325,34, 354, 354(बी), 427, 448, 509 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

#### ग्रामीणों और समर्थकों ने जमकर किया था पथराव




एनआईए टीम साल 2022 में हुए बम धमाके की जांच करने गई थी। इस दौरान एनआईए टीम दो आरोपियों को गिरफ्तार कर अपने साथ कोलकाता ला रही थी, उसी दौरान एनआईए टीम पर हमला हुआ। ग्रामीणों ने एनआईए टीम के काफिले को घेर लिया और पथराव कर दिया। इस हमले में कई अधिकारी घायल हुए हैं। एनआईए टीम पर हमले को लेकर मामला दर्ज किया गया है। इस मामले को लेकर भाजपा टीएमसी सरकार पर हमलावर है। भाजपा का आरोप है कि ममता के शासनकाल में राज्य में कानून व्यवस्था का बुरा हाल है और पुलिस की मिलीभगत से ये सब हो रहा है।

#### ममता बोलीं: लोगों को जो करना चाहिए था किया

सीएम ममता बेनर्जी ने पूछा कि एनआईए आधी रात में छापेमारी क्यों की? क्या उन्होंने पुलिस से इसकी इजाजत ली? स्थानीय लोगों ने वही किया, जो किसी अजनबी के उनकी जगह पर आने पर उन्हें करना चाहिए था।

#### ममता हमलावरों का कर रहीं समर्थन:भाजपा

इस घटना पर भाजपा नेता राहुल सिंहा ने बेनर्जी पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह हमलावरों के समर्थन में खड़ी है। उन्होंने आगे कहा कि जहां सीएम हमलावरों का समर्थन करेगी, वहां हमले तो स्वाभाविक है।

### उधर, केरल में छात्र की सुसाइड की जांच सीबीआई को सौंपी

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने केरल के वायनाड जिले के एक कॉलेज हॉस्टल में 20 वर्षीय पशु चिकित्सा छात्र की मौत के मामले को अपने हाथ में ले लिया है। छात्र सिद्धार्थन जेएस का शव 18 फरवरी को हॉस्टल के बाथरूम के अंदर पाया गया था। उनके परिवार ने आरोप लगाया था कि स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) की छात्र शाखा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी या सीपीआई (एम) के कार्यकर्ताओं सहित अन्य छात्रों ने उनके साथ रैगिंग की थी।



#### 29 घंटे तक शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना दी

केरल पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले की रिपोर्ट जो उन्होंने सीबीआई को दी थी, उसमें कहा कि सिद्धार्थन पर सीनियर स्टूडेंट्स द्वारा 29 घंटे तक लगातार हमला किया गया, जिसके बाद उसने आत्महत्या कर ली।

#### दिल्ली हाईकोर्ट ने दुष्कर्म का आरोप खारिज किया

## सोच- समझकर बनाए संबंध का आधार गलतफहमी नहीं हो सकता


**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि जब कोई महिला किसी पुरुष के साथ सोच-समझकर शारीरिक संबंध बनाती है, तो उसकी सहमति को गलतफहमी पर आधारित नहीं कहा जा सकता, जब तक कि शादी के झूठे वादे का स्पष्ट सबूत न हो। न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने एक व्यक्ति के खिलाफ दुराचार के एक मामले को रद्द करते हुए यह टिप्पणी की। अदालत ने माना कि यह मामला उसके औ महिला के बीच सौहार्द्रपूर्ण ढंग से सुलझ गया है।



### बागी विधायक सुधीर ने खोला मोर्चा

## मानहानि नोटिस के बाद अब सीएम सुक्खू के खिलाफ शिकायत दर्ज

**शिमला।** भाजपा के विधायक सुधीर शर्मा ने सीएम के खिलाफ मानहानि की शिकायत दर्ज कराई है। सुक्खू की '15 करोड़ रुपए में विधायक बिके' वाली टिप्पणी पर 6 बागी विधायक काफी गुस्से में हैं। सुधीर ने सुक्खू को 5 करोड़ के मुआवजे की मांग की।



#### सुधीर ने सीएम के आरोपों को बताया बेबुनियाद

कांगड़ा के पुलिस अधीक्षक और राज्य पुलिस प्रमुख को संबोधित शिकायत दी। शर्मा ने कहा ऊना जिले के कुटलेहड़ में सुक्खू द्वारा दिए गए भ्रामक भाषण के संबंध में मेरे निर्वाचन क्षेत्र में एक वीडियो और मीडिया रिपोर्ट सामने आई हैं। 4 बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं कि विधायकों को 15-15 करोड़ में बेचा गया।शर्मा ने कहा कि यह बेहद चिंताजनक है।

## दरियादिल मुंबईकर की संस्थापिका डॉ. अर्चना देशमुख (माननीय) द्वारा लगातार पिछले कुछ वर्षो से तनिष्क शोरूम अंधेरी में महिला दिवस व फूलों की होली मनाई जा रही है

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** 22 मार्च को दरियादिल मुंबईकर की टीम ने दरियादिल मुंबईकर की संस्थापक और अध्यक्षा डॉ.अर्चना देशमुख (माननीय) के मार्गदर्शन में तनिष्क, अंधेरी पश्चिम में महिला दिवस और फूलों वाली होली मनाई। वह इतनी अच्छी व्यवस्था के लिए टीम तनिष्क को धन्यवाद देती हैं और हमें जश्न मनाने का मौका देती हैं। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन कर तथा टीम के सदस्यों के तिलक और मोती माला से स्वागत के साथ हुई और उसके बाद एकल नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम की शोभा प्रसिद्ध पार्श्व गायिका रेखा राव की उपस्थिति से हुई। सदस्यों को दरियादिल मुंबईकर, राष्ट्रीय सैनिक संस्था मुंबई इकाई एलडब्ल्यू के उद्देश्य और उनकी उपलब्धियों के बारे में भी बताया गया। तथा नए सदस्य नियुक्त किए गए। उल्लेखनीय सामाजिक कार्य करने वाली टीम के सदस्यों को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही साथ दरियादिल मुंबईकर के कुछ महिलाओं का जन्मदिन भी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का समापन फूलों की होली के साथ हुआ, जिसका आयोजन तनिष्क टीम द्वारा विशेष रूप से किया गया था। इस विशेष आयोजन के लिए लोगों ने डॉ.अर्चना देशमुखजी को धन्यवाद दिया।



## घनी आबादी में मोबाइल टॉवर लगाने को लेकर लोगों का फूटा गुस्सा

### जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन, टॉवर से निकलने वाली विकिरण से स्वास्थ्य पर पड़ता है बुरा प्रभाव : स्थानीय लोग

**मुंबई हलचल/सुरेश कोहली**

**जलगाँव।** शहर के तलेले कॉलोनी में मोबाइल टॉवर लगाने को लेकर आसपास के लोगों का गुस्सा फूट गया। स्थानीय लोगों ने इसका जमकर विरोध भी किया है। प्रवीण ढ़ाके व कृष्ण ढाके 94/1 प्लॉट नंबर 30 सेल कोलमी, जलगांव के स्वामित्व है। जोकि उक्त नामित कॉलोनी में मोबाइल टॉवर स्थापित कर रहा है। लोगों का कहना है कि यहाँ घनी आबादी वाला क्षेत्र है।और बड़ी संख्या में बुजुर्ग और बच्चे निवास करते हैं। मोबाइल टॉवर लगाने को लेकर सुरेश फालक,रमेश भोई, सौरभ चौधरी,निविर्ती पाटिल,प्रकाश चौधरी,तुकाराम पाटिल,आभा इंगले, ललित चौधरी,चेतन धुमाड,सचिन पाटिल,संगीता पाटिल,शोभा चौधरी,आशा भालेराव,पल्लवी सपकाले, सविता मोरे, सरला भोई, यमुना पाटिल,सुनील महाजन आदि लोगों ने आपत्ति जताई है। लोगों का कहना है कि मोबाइल टावर बड़ा है, इसलिए इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि इसके विकिरण से आसपास के नागरिकों के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। साथ ही इसमें से निकलने वाली विकिरण से अन्य बीमारियां भी बढ़ेगी। मामले में समस्या के निदान हेतु जिलाधिकारी को भी एक ज्ञापन सौंपा है।



## माँ शीला क्लिनिक 10 रुपये वाला क्लिनिक के 2 वर्ष द्वितीय वर्धापन सोहळा कार्यक्रम अयोजित




**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मनोज राजन नाथानी-मनराज प्रतिष्ठान द्वारा चल रहे माँ शीला क्लिनिक 10 रुपये वाला क्लिनिक के 2 वर्ष द्वितीय वर्धापन सोहळा कार्यक्रम अयोजित किया गया 6 अप्रैल 2024 शनिवार सुबह 11 बजे से कार्यक्रम शुरू किया गया कार्यक्रम कच्छी विसा ओसवाल हॉल,कुर्ला कोर्ट के सामने,एल.बी.एस मार्ग,कुर्ला (पश्चिम) मुंबई 70 मैं रखा गया विषय अतिथी के रूप मे डॉ.प्रकाश आमटे व डॉ.मंदाकिनी आमटे और साथ मे उपस्थित रहे सुखबिंदर सिंह (लाला भाई),गिरीश जेठवा,अनिल गलगली,रियाज मुल्ला,ॲड.सुधीर खातू,पूर्व आमदार कालीना विधानसभा अमरजीत सिंह भाजपा और बहुत से पत्रकार भी मौजुद रहे।

### रायपुर में अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

## एंबुलेंस में छिपाकर ले जा रहे थे सवा दो करोड़ का गांजा

मुंबई हलचल / बलौदाबाजार

भाटापारा ग्रामीण थाना क्षेत्र के पटपर चौक में पुलिस ने ओडिशा से भारी मात्रा में गांजा एंबुलेंस में छिपाकर तस्करी कर रहे दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 752 किलोग्राम गांजा, अनुमानित कीमत 2 करोड़ 25 लाख बरामद कर वारदात में प्रयुक्त एंबुलेंस जब्त किया है। पुलिस ने संदिग्ध एंबुलेंस सीजी 04 एचडी 7836 को रोका तथा सवारों सागर चौहान , निवासी चन्द्रनगर, वकील कुमार गौतम , निवासी धनावर थाना लालगंज जिला मिर्जापुर उत्तर प्रदेश से पूछताछ की तो वे घबरा गए।



#### पड़ोसी राज्यों में सप्लाई

ओडिशा से एंबुलेंस के माध्यम से बड़े पैमाने पर गांजा तस्करी कर मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश में किए जाने का भी खुलासा हुआ है। तस्कर ओडिशा से सस्ते दर पर गांजा लेकर तस्करी करते हैं और इन राज्यों में महंगे दामों में बेच देते हैं। वे अक्सर बलौदाबाजार– भाटापारा मार्ग का उपयोग करते हैं। ओडिशा से सारंगढ़–बिलाईगढ़, गिधौरी, कसडोल, बलौदाबाजार होते हुए भाटापारा पहुंचते हैं।

### बांके बिहारी के दर्शन के लिए तीसरे दिन रविवार को लगी भीड़


लोगों के केवल सिर ही सिर नजर आ रहे थे

## लोगों का उमड़ा सैलाब और सड़कें हो गई जाम

*सुबह से ही 500 मीटर से अधिक लंबी श्रद्धालुओं की कतार लगी रही*

मुंबई हलचल / वृंदावन

यहां के ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में तीसरे दिन रविवार को भी भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही 500 मीटर से अधिक लंबी श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। मंदिर के पट बंद होने के बाद तक बांके बिहारी मंदिर के आसपास गलियों में प्रमुख मार्गों पर श्रद्धालुओं के सिर ही सिर नजर आए। भीषण गर्मी में भीड़ का दबाव और धक्का मुख के बीच सर्वाधिक परेशानी बुजुर्गों और महिला श्रद्धालुओं को हुई।



#### भीड़ को काबू करने में छूटा पसीना

पुलिसकर्मी भीड़ को आगे बढ़ाते और रुक-रुककर श्रद्धालुओं को भेज रहे थे। इसके बावजूद भीड़ पर नियंत्रण कर पाना पुलिसकर्मियों के लिए भी मुश्किल साबित हो रहा था। भीड़ के आगे पुलिसकर्मी और मंदिर की सुरक्षा गार्ड भी पसीने से तर बतर हो गए।

#### कंधों और गोदी में बैठे बच्चे रो रहे थे

लोगों के कंधों और गोदी में बैठे बच्चे भी भीड़ के दवाब को देख रोने लगे। विद्यापीठ चौराहा से बांके बिहारी मंदिर पहुंचने में एक घंटे से अधिक का समय लगा। मंदिर भी श्रद्धालुओं की भीड़ से खचाखच भरा नजर आया। जगह-जगह लगे पुलिसकर्मी भीड़ को आगे बढ़ाते और रुक-रुककर श्रद्धालुओं को भेज रहे थे। इसके बावजूद भीड़ पर नियंत्रण कर पाना पुलिसकर्मियों के लिए भी मुश्किल साबित हो रहा था। भीड़ के आगे पुलिसकर्मी और मंदिर की सुरक्षा गार्ड भी पसीने से तर बतर हो गए।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# हम बनकर रहे मजबूत, हिंदुस्थान बनकर रहेगाः पूर्व सांसद मौलाना उबैदउल्लाह

## हाजी इब्राहिम भाईजान ने रोजा इफ्तार पार्टी में कौमी एकता की मिसाल पेश की

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** रमजान के तिसरे असरे का प्रारंभ सोमवार को 21 वें रोजे के साथ प्रारंभ हो गया. ऐसे में मुंबई शहर के हर ओर इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जा रहा है। इसी के चलते स्थानिय मुंबई मे मॉयनॉरिटी कॉंग्रेस पार्टी के मुंबई अध्यक्ष हाजी इब्राहिम भाईजान की ओर से इस्लाम जिमखाना में शुक्रवार को रमजानुल मुबारक के 25 वां रोजा के मौके पर रोजदारों के लिए शानदार बडे पैमाने पर रोजा इफ़्तार पार्टी और डिनर का इंतेजाम इस्लाम जिमखाना में किया गया था। जिसमे मुंबई के सैकडो रोजेदार उपस्थित हुए। इस इफ्तार पार्टी में हर धर्म के हिंदु मुस्लिम शिख ईसाई मौजुद थे. मुंबई मरीन लाइंस में मुंबई कॉंग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष हाजी शैख इब्राहिम भाई जान की इफ्तार पार्टी में सभी सेकुलर पार्टी दिग्गज नेताओं और फिल्मी हस्तियों और अहम शख्सियत के अलावा भारी संख्या में हजारो आम लोगो कि भीड थी.। जिस वजह से हाजी इब्राहिम भाईजान कि रोजा इफ्तार पार्टी का एक नया इतिहास बन गया। हाजी इब्राहिम भाई जान की इस दावत इफ्तार में सभी धर्म जाती के प्रतिष्टीत, सामाजिक, शैक्षणिक, राजकिय, लोगों ने शिरकत कर अमन भाई चारा का दिया पैगाम। इस वक्त गणमान्य लोगो का मंच पर किंमती मार्गदर्शन लोगो को मिला जिसमें पुर्व सांसद मौलाना उबैद उल्लाह ने मंच पर अपना किंमती मार्गदर्शन किया उन्होने शायरी में कहा कि वतन की जो हालात सुनाने लगोगे पत्थर भी आसु बहाने लगेगे अगर भीड में खोगई आदमीयत उसे ढूंडने में जमाने लगेगे आगे कहा कि आज यहा हिंदु मुस्लिम शिख ईसाई सभी जाती धर्म के लोग मौजुद है. उन्होने कहा की रमजान का महिना खास तौर से यह पैगाम दे रहा है के हिंदु शुरू होतो है ह से और मुस्लिम सुरु होता है म से हिंदु का ह निकाल दो और मुस्लिम का म निकालदो बनता है हम। हम बनकर रहो मजबुत हिंदुस्थान बनकर रहेगा और कहा की इस मुल्क में नफरत कि कोई जगाह नही नफरत के मुकाबले में मोहब्बत का दिया जलाने की जरुरत है. रमजान का महिना नफरतो को खत्म करने का



पैगाम देता है. मोहब्बत कि शमा जलाने का पंगाम देता है। रमजान का महिना इन्सान नवाजी का पैगाम देता है। यह महिना गरीबो की मदद करने का महिना है भुखो को खिलाने और प्यासो का पिलाने का महिना है अखिर में दुवा में कहते हुए कहा की अल्लाह हमे एक अच्छा इन्सान बनाने कि तौफिक दे। रोजा इफ्तारी से पहले सभी रोजेदारों ने अल्लाह तबारक व तआला के बारगाह में हाथ उठाकर मुल्क की अमनचैन के लिए दुआएं मांगी.इफ्तार पार्टी में मुस्लिम समाज के बड़े बुजूर्गए नौजवान ने बड़ी संख्या में शिरकत की. मगरिब की अजान सुनकर सभी रोजेदारो ने एक साथ रोजा इफ्तार किया। रमजानुल मुबारक का यह पाक व पवित्र महीना रहमतो व बरकतों से भरपूर है. जो शख्स रोजेदार को इफ़्तार कराता है अल्लाह तबारक व तआला उस शख्स को रोजेदार के बराबर सवाब अता फरमाता इस प्रकार के इफ्तार से आपसी भाईचारा भी बढ़ता है. इस इफ्तार पार्टी में हिंदु लोगो ने भी शिर्कत की जिसमें गणमान्यओ में माजी मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण, मॉयनौरीटी कॉंग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज्यसभा सांसद इम्राम प्रतापगडी, मुंबई कॉंग्रेस कमिटी की अध्यक्षा विधायक वषार्ताई गायगवाड , मुंबई कॉंग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष चरणसिंह साप्रा, माजी अध्यक्ष एंव विधायक भाई जगताप, मुंबई के विधायक अमिन पटेल, विधायक असलम शेख, महाराष्ट्र कॉंग्रेस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष माजी मंत्री आरीफ नसिम खान, महाराष्ट्र कॉंग्रेस मॉयनॉरीटी के अध्यक्ष विधायक वजाहत मिर्झा, महाराष्ट्र मॉयनॉरिटी के प्रभारी अहमदखान, शिवसेना के सांसद अरविंद सावंत, सपा के विधायक रईस शेख, विधायक सचिन अहिर, अनिल देसाई, विधायक सुनिल शिंदे, इस्लाम जिमखाना के अध्यक्ष माजी विधायक युसुफ अब्राहिम , मुंबई राष्ट्रवादी कॉंग्रेस अध्यक्षा राखी जाधव, कॉंग्रेस प्रवक्ता निजामुद्दीन राईन, कॉंग्रेस प्रवक्ता डॉ. राजु वाघमारे,डॉ. जहिर काजी, उत्तर मध्य जिला युथ कॉंग्रेस अध्यक्ष फहिम हाजी इब्राहिम भाईजान, फिल्मी अदाकार रजा मुराज ,अलीखान, एहसान भारती, कॉंग्रेस पार्टी के गणमान्य लोग, शिवसेना के गणमान्य लोग एंव राष्ट्रवादी कॉंग्रेस शरद पवार गुट के गणमान्य लोग मौजुद थे. इरान के कौन्सिलर जनरल, और अफगानीस्तान के कौन्सिलर जनरल की भी मौजुदगी थी। इसवक्त अमिन पटेल, असलम शेख, वषार्ताई गायकवाड, पुर्व सांसद मौलाना उबैदउल्लाह इन सभी नेताओ ने लोगो का खैरे मकदम किया। कॉंग्रेस पदाधिकारीयों में माजी जिला अध्यक्ष मॉयनॉरीटी कॉंग्रेस के कय्युम तांबोली, वजीर कादरी, शरीफ कादरी, डीएफएस डेवलपर बिल्डर फजल सौदागर,ऑल इंडिया कॉंग्रेस वर्कस कमिटी मुंबई अध्यक्ष एंव महाराष्ट्र महासचिव पत्रकार जफरसिद्दीकी, नल यूनियन के अध्यक्ष गलफाम खान, उत्तर मध्य जिला ऑल इंडिया कॉंग्रेस वर्कस कमिटी के जिलाअध्यक्ष उसमान खान, इर्शाद काजी, चिराग भााई, रफिक मामु, इमरान शेख, जफरखान, हाजी रफीक, सरफराज पाठक, वजीर कादरी, रॉयल ग्रुप के प्रेसिडेंट जमील कुरैशी, सामाजिककार्यकर्ता फहिम शेख, सलीम फाउंडेशन के प्रेसिडेंट सलीमखान, शफी भाई, नईम शेख, रमजान भाई, असलम शेख, शोएब शेख, अहमद कादरी, जर्राख खान, बहुत सारे समाज सेवक मौजूद थे इस रोजा इफ्तार पार्टी में सूत्रसंचालन पूर्व नगरसेवक सुफियान वानु ने किया।

## दिव्य बोईसर के संपादक को पालघर जिला मीडिया सरचटनीस पद पर किया गया नियुक्त



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** बोईसर शहर के पत्रकार दिव्य बोईसर के संपादक ज्ञानेश्वर रामोशी के कार्य को देखते हुए उनको राष्ट्रवादी कांग्रेस पालघर जिला मीडिया सरचटनिस पद पर नियुक्त किया गया है। रमोशी की नियुक्ति महाराष्ट्र राज्य के उप मुख्यमंत्री मां ना अजीत दादा पवार, प्रांत अध्यक्ष मां खा. सुनील तटकरे इनके आशीर्वाद से जिला अध्यक्ष मां श्री आमदार आनंद भाई ठाकुर के सुभ हस्थो नियुक्ति पत्र दे कर इनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर महाराष्ट्र राज्य के सरचटनिस मां संतोष अप्पा मराठे, जिला उपअध्यक्ष रविन्द्र संखे, वसीम भाई रइम और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रे रोड में रमजान के पाक महीने में इफ्तार दावत की गई अयोजित

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** रमज़ान के पाक महीने में इफ्तारी दावत रखी गई रे रोड मुंबई मैं ये इफ्तारी दावत का आयोजना भाजपा अल्पसंख्यक मुंबई सचिव द्वारा रखी गई जिसमे करीब 250 से 300 लोगो की दावत और इफ्तार दावत में सभी जाति के लोग मौजुद थे और इफ्तार दावत के बाद भाजपा अल्पसंख्यक कार्यालय का भी भव्य उद्घाटन हुआ और आए हुए सभी मेहमानो को शॉल और पुष्पुक देकर मान समान किया गया मौजुद रहे अखिल भारत मानव अधिकार सेवा संघ राष्ट्रीय अध्यक्ष जमील चिश्ती जी अपनी पोलीस सुरक्षा के साथ, स्वामी जी, बाला सात्रे, इस्लाम खान, सुखबिंदर



सिंह ( लाला भाई ), मो .शोएब खान,निसार अहमद खान, जय हिन्द कुमार प्रजापति, सज्जाद अली, नदीम और बहुत से पत्रकार भी मौजुद रहे जैसे की हरिकेश जैसवाल सर S9 न्यूज़ चैनल,SWA न्यूज़ चैनल, NEWS 15 आवाज़ जनता की न्यूज़ चैनल, NUKKAD न्यूज़ चैनल, CEN न्यूज़ चैनल, Today India न्यूज़ चैनल, Global न्यूज़ चैनल, मॉडल जावेद इदरिस भी मौजुद रहे और बहुत से कार्यकर्ता और आम जनता भी मौजुद रहे .

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सामाजिक कुरूतियों पर चर्चा, हेल्थ इज वेल्थ : पाटिल

**जलगाँव।** राष्ट्रीय स्तरीय सामाजिक संस्था क्राइम दस्तक ट्रस्ट(रजि) शाखा जलगाँव ने विश्व स्वास्थ्य दिवस को लेकर रविवार को संगठन के कुछ पदाधिकारीयों ने एक सामाजिक बैठक कर नशा खोरी व साइबर क्राइम के प्रति जारूकता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संगठन के जिला अध्यक्ष मंगल बी.पाटिल ने कहा कि समाज व देश मे नशा वृति तेजी से फैल रही है। खासतौर से आज के युवा नशा की आदत से मजबूर है। पाटिल ने कहा कि इसको रोकना होगा अन्यथा आने वाले समय मे इसके और भी ज्यादा नकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। आज नशा के कारण हँसते-खेलते परिवार बबार्दी की कगार पर है। उन्होंने कहा कि आए दिन अखबारों में नशा से संबंधित खबरें जरूर पढ़ने को मिल जाएंगी।



लेकिन इसको रोकने के लिए हम सभी को सकारात्मक प्रयास करने होंगे। ताकि किसी की बर्बाद होती जिंदगी को बचाया जा सके। जिला अध्यक्ष मंगल पाटिल ने कहा कि क्राइम दस्तक ट्रस्ट की तरफ से समय-समय पर स्लोगन व जागरूकता संबंधी जानकारी आम लोगों तक पहुंचाई जाती रही है। और ये कार्य आगे भी जारी रहेगा। बैठक में एड.स्मिता कोळी ने कहा कि अपने स्वास्थ्य को लेकर व्यायाम,योग व पोष्टिक आहार लेना चाहिए किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहे तो बेहतर है। कोळी ने कहा कि कोरोना महामारी के बाद लोग अपने स्वास्थ्य को लेकर सजग जरूर हुए है। क्राइम दस्तक ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष(विधिक प्रकोष्ठ) कराटे में नेशनल चैंपियन रही एड.स्मिता कोळी ने कहा कि अच्छे खानपान के साथ खेलों पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# गले में इंफेक्शन होने पर तुरंत करें ये देसी उपाय, नहीं पड़ेगी दवा की जरूरत

मौसम में आए बदलाव, सर्द-गर्म व गलत खान-पान की वजह से गले से जुड़ी इंफेक्शन होना आम सी बात है। कई बार इस इंफेक्शन का कारण एलर्जी व धूम्रपान भी हो सकते हैं। यह इंफेक्शन गले में चुंभन-सूजन, खराश, कर्कश भरी आवाज, हल्की खांसी के साथ दर्द व खाने की परेशानी भी दे सकती है। संक्रमण होने पर खराश की परेशानी सबसे पहले होती है जो बाद में आवाज का भारीपन व दर्द आदि की समस्या पैदा करती है। दरअसल, हमारे गले के दोनों तरफ टॉन्सिल्स होते हैं जो कीटाणुओं, बैक्टीरिया व वायरस से गले को बचाते हैं लेकिन जब ये टॉन्सिल्स खुद संक्रमित हो जाते हैं तो ऐसी दिक्कतें आनी शुरू हो जाती हैं जिसे टॉन्सिलाइटिस कहते हैं। वैसे तो एंटीबायोटिक व सहीं देखभाल से संक्रमण ठीक हो जाता है लेकिन सही देखभाल ना होने पर यह समस्या बढ़कर गंभीर रूप भी ले सकती है।

दवा के उपचार के साथ अगर आप कुछ परहेज करेंगे तो गले की इंफेक्शन में राहत जल्दी मिलेगी। वहीं, अगर आप मौसम के अनुसार अपना खान-पान सहीं रखेंगे तो इंफेक्शन से बचा भी जा सकता है और अगर इंफेक्शन के शिकार हो गए हैं तो सहीं टिप्स अपनाकर इससे राहत भी पाई जा सकती है।

**इंफेक्शन होने पर अपनाएं नुस्खें**

गले की खराश और आवाज का भारीपन, सर्दी-जुकाम होने का पहला लक्षण है इसलिए तुरंत टिप्स अपनाकर कोल्ड कफ की तकलीफ से बचा जा सकता है।

**गर्म पानी के गरारे**

खराश की परेशानी होते ही तुरंत गरारे करें। एक गिल्स गर्म पानी में 2 चुटकी नमक डालें और इस पानी से रोजाना दिन में 3 से 4 बार गरारे करें। खराश की



समस्या ठीक होगी और इंफेक्शन भी यहीं खत्म हो जाएगा।

**विटामिन सी**

विटामिन सी इम्युन सिस्टम को स्ट्रांग करता है, जिससे इस तरह का इंफेक्शन जल्दी शरीर को नहीं जकड़ पाता। हवा में फैल संक्रमण फैलना व खान-पान में गड़बड़ी ही गला खराब होने की मुख्य वजहें हैं इसलिए प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत रखें। विटामिन सी खट्टे फलों में भरपूर होता है। संतरा इनमें से सबसे बेस्ट है। इस बात का ध्यान रखें कि संतरे का सेवन दोपहर के समय करें।

**इमली**

इमली में भी विटामिन सी भरपूर होता है। खराश होने पर इमली के पानी से कुल्ला करें। ध्यान रखें कि आपको इमली के पानी के सिर्फ गरारे करने से इसे पीना नहीं है।

**हल्दी और दूध**

रात को सोने से पहले 1 गिलास गर्म दूध में 1 टीस्पून हल्दी और चुटकी भर काली मिर्च डालकर पीएं। इससे गले की सूजन ठीक हो जाएगी।

**लहसुन**

लहसुन के कुदरती एंटीसैप्टिक के गुण होते हैं जो इंफेक्शन से बचाव करने का काम करते हैं। लहसुन की एक कली को मुंह में रखकर चूसे। इसका रस गले में जाने से आराम मिलेगा।

**सौंफ**

खाना खाने के बाद सौंफ जरूर चबाएं, इससे खराश ठीक होगी और बंद गला खुल जाएगा।

**भाप लेना**

गले में भारीपन या दर्द महसूस होने पर तुरंत ही भाप लें। किसी बर्तन में पानी गर्म करके तौलिए से मुंह ढककर भाप लें। ऐसा करने से गले के दर्द से राहत मिलेगी।

**मसाला चाय**

सर्दियों में कोल्ड कफ होना आम है। इससे बचने के लिए लौंग, अदरक, तुलसी और काली मिर्च को पानी में डालें और उबाल लें। इस पानी की चाय बनाकर सेवन करें।

**कुछ चीजों से रखें परहेज**

गले की परेशानी से जल्दी राहत पाना चाहते हैं तो कुछ चीजों से परहेज जरूर करें। जैसे तली-भूनी, बासी, दही, ठंडी चीजों से परहेज करें क्योंकि यह चीजें इंफेक्शन को बढ़ा देते हैं।

# आक के पौधे से करें इन 6 बड़ी-बड़ी बीमारियों का जड़ से इलाज

औषधिय गुणों से भरपूर आक के पौधे का इस्तेमाल पूजा के लिए किया जाता है। पूजा के लिए इस्तेमाल होने वाला यह पौधा सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसके फूल-पत्तियों का इस्तेमाल अस्थमा, डायबिटीज, कुष्ठ रोग और बवासीर जैसी बीमारियों को दूर करने में मदद करता है। मदार, अर्क या अकोवा के नाम से पहचाने जाने वाले इस पौधे से और भी स्किन में एलर्जी या खुजली जैसी समस्याओं को दूर किया जा सकता है। विषैला होने के बावजूद भी इस पौधे में कई औषधिय गुण पाएं जाते हैं। तो आइए जानते है किस तरह इस पौधे के फूल, पत्ते का इस्तेमाल से बड़ी-बड़ी बीमारियों को दूर करने में मदद करता है।

**1. अस्थमा**

इसके फूलों को सूखा कर रोजाना इसका चूर्ण खाने से अस्थमा, फेफड़ों के रोग और शरीर की कमजोरी दूर हो जाती है।

**2. खुजली**

स्किन में एलर्जी या रूखेपन के कारण खुजली की समस्या हो जाती है। इससे छुटकारा पाने के लिए इसकी जड़ को जला लें। इसकी राख को कड़वे तेल में मिलाकर खुजली वाली जगहें पर लगाएं। खुजली की परेशानी दूर हो जाएगी।

**3. डायबिटीज**

रोजाना सुबह इस पौधे की पत्तियों को पैर के नीचे रख कर जुराबें डाल लें। रात को सोने से पहले इस पत्ते को निकाल दें। इसका इस्तेमाल शुगर कंट्रोल करने में मदद करता है।

**4. कुष्ठ रोग**

इसकी पत्तियों को पीस कर सरसों के तेल में मिक्स करें। इसे कुष्ठ रोग के घाव पर लगाएं। इसे नियमित रूप से लगाने पर घाव जल्दी भर जाएगी।



**5. बवासीर**

आक का पत्ता और डण्ठल को पानी में भिगो दें। इसे पीने से बवासीर की समस्या हमेशा के लिए दूर हो जाएगी।

**6. चोट लगना**

शरीर के किसी भी हिस्से में चोट लगने पर आक के पत्तों को गर्म करके बांध लें। इससे चोट से खून बहना बंद होने के साथ-साथ दर्द और सूजन भी दूर हो जाएगी।




# एंटीऑक्सीडेंट के गुणों से भरपूर ये चीजें, जरूर करें इनका सेवन

स्वस्थ रहने और बीमारीयों से दूर रहने के लिए इम्यून सिस्टम का ठीक होना बहुत जरूरी है। इम्यून सिस्टम के कमजोर होने पर कई बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर भोजन का सेवन शरीर इम्यून सिस्टम को बढ़ाने का काम करता है। एंटीऑक्सीडेंट ऐसा तत्व हैं, जो शरीर से विषैले पदार्थों को बाहर निकाल कर आपको स्वस्थ रखने में मदद करता है। एंटीऑक्सीडेंट भोजन का सेवन करने से कैंसर, दिल के रोग, स्ट्रोक और बुढ़ापे की बीमारियां दूर होने के साथ-साथ शरीर में कई पोषक तत्वों की कमी को भी पूरी होती है। इसलिए बहुत जरूरी है कि शरीर में कभी भी एंटीऑक्सीडेंट की कमी न हों। शरीर में एंटीऑक्सीडेंट होने पर आप डाइट में कुछ चीजें शामिल करके इसकी कमी को पूरा कर सकते हैं।

**1. लहसुन**

लहसुन में सबसे अधिक मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट के गुण पाएं जाते है। भोजन में इसका इस्तेमाल या रोजाना 2-3 कच्चे लहसुन को शहद के साथ खाने से हृदय रोग और कैंसर से लड़ने में मदद मिलती है।

**2. टमाटर**

खाना बनाने के लिए हर कोई टमाटर का इस्तेमाल तो करता ही हैं। लेकिन ग्लूटाथियोन और एंटीऑक्सीडेंट के गुणों से भरूपर रोज 1-2 कच्चे टमाटर का सेवन इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है।

**3. लौंग**

रोजाना 5-6 भूनी हुई लौंग का सेवन पेट से जुड़ी परेशानियां जैसे गैस, एसिडिटी, कीड़ें, कब्ज और पेट दर्द जैसी समस्याओं को दूर करता है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# ‘गुड्डी’ से ‘ड्रीमगर्ल’ तक, इन अभिनेत्रियों ने सियासत में भी छुआ आसमान




*मुंबई। लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं। ऐसे में सभी पार्टियों की तैयारियां भी तेज हो गई है। इस बार सियासी जमीन पर अभिनेत्री कंगना रनोट भी दांव- पेंच खेलते हुए नजर आ रहीं हैं। उनसे पहले भी कई अभिनेत्रियां राजनीति के क्षेत्र में लोहा मनवा चुकी हैं। उत्तर से दक्षिण तक, कई नामी अभिनेत्रियों ने राजनीति की जमीन पर कदम रखा और सफलता की परिभाषा लिख दी। पर्दे पर भले इन्होंने ग्लैमर्स अंदाज दिखाया हो लेकिन राजनीति में गंभीर राजनेत्री बनकर अपनी जिम्मेदारी निभाई।*

## वर्तमान में कंगना चुनाव मैदान में

सिनेमा और सियासत का रिश्ता काफी पुराना है। पर्दे पर अपनी अदाकारी से करोड़ों लोगों को दीवाना बनाने वाले सितारे अक्सर चुनावी बिसात पर किस्मत आजमाने पहुंचते रहे हैं। लोकसभा चुनाव में इस बार भी कई फिल्मी हस्तियां ताल ठोकते हुए नजर आ रही हैं। मंडी लोकसभा क्षेत्र से कंगना रनौत मैदान में हैं तो मथुरा से हेमा मालिनी चुनावी समर में एक बार फिर उतरी हैं।

## दोनों सदनों की सदस्य रहीं जया प्रदा



साउथ फिल्मों के बाद हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में नाम कमाने वाली जया प्रदा भी एक सफल राजनेत्री हैं। सियासत में रुझान बढ़ने के साथ 32 साल की उम्र में वो तेलुगु देशम पार्टी के साथ जुड़ी थीं। इसके बाद समाजवादी पार्टी और 2019 में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गईं। जया संसद के दोनों सदनों की सदस्य रह चुकी हैं।

## 6 बार मुख्यमंत्री बनीं जयललिता



तमिल सिनेमा की लीजेंड्री अभिनेत्री जयललिता ने भी सियासत की गलियों में खूब नाम कमाया। जयललिता को राजनीति में लाने का श्रेय तमिल सिनेमा के आइकॉनिक स्टार एमजी रामचंद्रन को जाता है, जिन्होंने जया के साथ कई फिल्मों में काम किया था। जयललिता ने 1982 में एआइएडीएमके ज्वाइन की थी। वो 6 बार तमिलनाडु की मुख्यमंत्री बनीं।

## अमरावती से चुनाव मैदान में नवनीत कौर

नवनीत कौर एक मशहूर भारतीय फिल्म अभिनेत्री हैं। उन्होंने तेलुगु फिल्मों में लंबे अर्से तक काम किया है। नवनीत 2019 में अमरावती से लोकसभा चुनाव जीतकर संसद पहुंची थीं। इस बार वो बीजेपी के टिकट पर अमरावती से ही चुनावी मैदान में हैं।

## राज्य सभा सदस्य रहीं नरगिस

नरगिस अपनी स्क्रीन प्रेजेंस के लिए आज भी याद की जाती हैं। मदर इंडिया, बरसात और आवारा समेत अभिनेत्री ने कई सुपरहिट फिल्में दीं। अदाकारी के बाद नरगिस ने राजनीति में भी हाथ आजमाया और राज्यसभा में जाने वाली पहली भारतीय अभिनेत्री बनीं। नरगिस 3 अप्रैल 1989 से 3 मई 1981 तक (निधन से पहले) राज्यसभा सदस्य रहीं।



## पॉलिटिक्स में लंबी पारी खेल रहीं हेमा मालिनी

हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी ने भी राजनीति में अपना दबदबा बनाया। भारतीय जनता पार्टी में शामिल होकर हेमा मालिनी ने पॉलिटिक्स में एक लंबी पारी खेली और अभी भी मैदान में डटी हुई हैं।

## राज्य सभा सदस्य जया बच्चन



बॉलीवुड की गुड्डी जया बच्चन, समाजवादी पार्टी की सदस्य हैं और राज्यसभा सांसद हैं। जया का राज्य सभा में चौथा कार्यकाल चल रहा है। 2004 में वो पहली बार राज्य सभा पहुंची थीं।



## मंत्री पद तक पहुंचीं स्मृति ईरानी

टीवी से करियर की शुरुआत करने वाली स्मृति ईरानी भारतीय जनता पार्टी का अहम हिस्सा हैं, क्योंकि सास भी कभी बहू के साथ घर-घर में छा जाने वाली स्मृति महिला एवं बाल विकास मंत्री हैं। इससे पहले वो मानव संसाधन विकास मंत्री रह चुकी हैं।






## प्रियंका बनीं इंस्टाग्राम पर सबसे पॉप्युलर एशियन ऐक्टर

पिछले कुछ समय से सिलेब्रिटीज की सफलता के पैमाने के तौर पर सोशल मीडिया काफी महत्वपूर्ण हो गया है। इसीलिए इस बात की हमेशा चर्चा होती रहती है कि आखिर किस सिलेब्रिटी के कितने फॉलोअर्स हैं और सबसे आगे कौन है। इंडिया से इस मामले में बात की जाए तो एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में प्रियंका चोपड़ा सबसे आगे हैं। प्रियंका चोपड़ा की फैन फॉलोइंग केवल इंडिया ही नहीं बल्कि विदेशों तक है। बॉलिवुड की 'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा के इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स की संख्या 7 करोड़ 52 लाख को क्रॉस कर चुकी है। इसी के साथ प्रियंका चोपड़ा दुनियाभर में पहली ऐसी एशियन ऐक्टर बन गई हैं जिसके इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स की संख्या 7 करोड़ 50 लाख से ज्यादा है। इसका एक सबसे बड़ा कारण यह है कि बॉलिवुड के बाद प्रियंका चोपड़ा हॉलिवुड में भी काफी पॉप्युलर हो रही हैं। अमेरिकन टीवी सीरीज ‘क्वॉन्टिको’ में काम करने और फिर निक जोनस से शादी करने के बाद उनकी पॉप्युलैरिटी में और ज्यादा इजाफा हुआ है।

## जब कपिल ने हाथ जोड़कर मांगी थी सारा से माफी

**कपिल शर्मा** ने अपनी कॉमेडी के जरिए सालों से टीवी की दुनिया पर राज कर रहे हैं। उनके शो को ना सिर्फ आम लोग बल्कि बॉलीवुड सेलेब्स भी खूब पसंद करते हैं और उसमें जाने के लिए बेकरार रहते हैं। कपिल के शो में अभी तक शाहरुख खान, सलमान खान से लेकर अमितांभ बच्चन जैसे बड़े–बड़े सितारे शिरकत कर चुके हैं। जो अपनी फिल्मों को प्रमोट करने इस शो में पहुंचते हैं। ऐसे में एक बार सैफ अली खान की बेटी सारा अली खान भी अपनी एक फिल्म के प्रमोशन के लिए इस शो पर पहुंची थीं। शो पर कपिल शर्मा ने सारा अली खान के साथ खूब मस्ती की। लेकिन इसी दौरान वो एक्ट्रेस को कुछ ऐसा कह बैठे कि उन्हें सारा से हाथ जोड़कर माफी मांगनी पड़ी थी। दरअसल सारा अली खान शो में अपनी फिल्म लव आजकल 2 को प्रमोट करने पहुंची थीं। इस दौरान कपिल ने सारा से बात करते हुए कहा कि लव आजकल 2 में इस बार आप हिरोइन बनी हैं। इससे पहले जो आई थी उसमें सैफ हीरोइन बने थे। कपिल की ये बात सुनकर सारा कहती हैं कि सैफ हिरोइन नहीं हीरो थे। आप क्या बोल रहे हो कपिल?

## अल्लू अर्जुन में बतौर चाइल्ड एक्टर से की करियर की शुरूआत



**सुपरस्टार** अल्लू अर्जुन की पुष्पा: द राइज पार्ट 1 के रिलीज होने के बाद वो न सिर्फ तेलुगु सिनेमा, बल्कि पूरी दुनिया में फेमस हो गए। और अब इसके सीक्वल 'पुष्पा 2' का टीजर भी रिलीज होने वाला है। आज का दिन इसलिए भी खास है क्योंकि अल्लू अर्जुन का आज 42वां बर्थडे भी है। चलिए इस स्पेशल मौके पर एक्टर के जुड़ी कुछ रोचक बातें जानते हैं। वैसे तो अल्लू अर्जुन ने अपने करियर की शुरूआत 2003 की फिल्म 'गंगोत्री' से किया था। लेकिन इसकी रिलीज से बहुत पहले अल्लू बतौर चाइल्ड एक्टर के रूप में काम कर चुके थे। उस हिसाब से उन्होंने पहली बार 1985 की फिल्म 'विजेता' में काम किया था। उस वक्त अल्लू अर्जुन सिर्फ 4 साल के थे। अल्लू अर्जुन का नाम टॉलीवुड में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले एक्टर में से एक है। यहां तक कि उनका नाम फोर्ब्स इंडिया की सेलिब्रिटी 100 लिस्ट में भी नाम शामिल हुआ था।